महत्वपूर्ण एवं खास

सौम्या चौरसिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया

रायपुर (आरएनएस)। कोयला परिवहन घोटाला और मनी लाड्रिंग मामले में गिरफ्तार सौम्या चौरसिया को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने सौम्या चौरसिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सौम्या अब 28 दिसंबर तक जेल में रहेंगी। रिमांड अवधि खत्म होने पर ईडी ने सौम्या चौरसिया को जज अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया। सौम्या चौरसिया को कोर्ट में कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया। इस मामले में सौम्या चौरसिया ईडी की रिमांड पर हैं। वहीं आईएएस समीर बिश्नोई और सूर्यकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत और सुनील अग्रवाल न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। सभी आरोपियों की रिमांड अवधि पूरी हो गई है।

महिलाओं को दिया जाएगा स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण

बिलासपुर (आरएनएस)। शासकीय महिला आईटीआई कोनी के संस्थान प्रबंधन समिति द्वारा महिलाओं को शुल्क आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर एवं प्रशिक्षण प्रारंभ की तिथि 02 जनवरी 2023 है। महिलाओं को एकाउण्ट असिस्टेंट यूजिंग टेली एण्ड जीएसटी, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर, टेलर सिलाई मशीन, योगा थैरेपिस्ट, फैशन डिजाईनिंग कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवेदन फार्म एवं अधिक जानकारी के लिए संस्था कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

कृषि विभाग के आत्मा योजनान्तर्गत काला गेहूं का किया गया फसल प्रदर्शन

कांकेर (आरएनएस)। कृषि विभाग के आत्मा योजनान्तर्गत रबी फसल प्रदर्शन हेतू-काला गेहूं (किस्म-नावी), चारामा खैरखेड़ा, लखनपुरी, गिरहोला, आरोद में कृषक उदयराम सोरी, कौशल सिन्हा, दिलीप तारम, रामेश्वरी, भूपेंद्र शर्मा के यहां 15 एकड़ में काला गेहूं का फसल प्रदर्शन आयोजित किया गया है। जिसमें काला गेहूं के साथ-साथ सरसों का अंतरवर्ती खेती किया जा रहा है यह काला गेहूं में औषधि गुण प्रचुर मात्रा में होता है इसमें हार्ट अटैक, कैंसर, शुगर, मानसिक तनाव जैसे लोगों के लिए काफी लाभदायक है औषधि गुणों से परिपूर्ण होने के कारण बाजार में इसकी काफी कीमत है। इस अवसर पर जिले से संगीता राय डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा, ब्लॉक से राजकुमार सिन्हा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चारामा, देवेंद्र कुंजाम, गोपाल कृष्ण (असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर आत्मा), पुष्प लता कुंजाम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित हुए।

मुख्य सचिव ने की गौरव दिवस के तैयारियों की समीक्षा

जगदलपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर राज्य में विभिन्न स्थानों पर 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके आयोजन के सम्बंध में मुख्य सचिव अमिताभ जैन के द्वारा गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए।

रायगढ़ जिले में समावेशी शिक्षा अंतर्गत वातावरण निर्माण का 10 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, ब्रेल लिपि व सांकेतिक भाषा से शिक्षक पढ़ा सकेंगे विद्यार्थियों को

रायगढ़। रायगढ़ जिले में समावेशी शिक्षा अंतर्गत वातावरण निर्माण का 10 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। विदित हो कि कक्षा में समावेशी वातावरण के निर्माण अंतर्गत कक्षा में सामान्य व विशेष छात्रों में भेदभाव ना हो नि:शक्त छात्रों की सहायता उनके साथ सभी बैठने वाले करें, अधिगम प्रक्रिया में दोनों प्रकार के छात्र सहभागी हों, नि:शक्त बालक के प्रति शिक्षक व सामान्य छात्रों की संवेदनशीलता हो, इसी महती उद्देश्य को लेकर रायगढ़ जिले समावेशी शिक्षा अंतर्गत वातावरण निर्माण का दस दिवसीय प्रशिक्षण 5 दिसंबर से अनवरत चल रहा था। जिला स्तरीय समावेशी शिक्षा अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षकों का वातावरण निर्माण प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी. बाखला की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस से लगातार दसवें दिन तक वातावरण निर्माण परीक्षण में जिले भर से आए 200 शिक्षकों ने हिस्सा लिया था। उक्त प्रशिक्षण में 5 दिन ब्रेल लिपि आधारित एवं 5 दिन सांकेतिक भाषा पर प्रशिक्षण हुआ जिसके अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों को सामान्य विद्यार्थियों के साथ कैसी शिक्षा प्रदान किया जाए इस पर जोर देते हुए प्रत्येक शिक्षकों को संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया।

समापन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी बाखला ने समावेशी शिक्षा अंतर्गत वातावरण निर्माण की प्रक्रिया में शिक्षकों की भूमिका के बारे में वक्तव्य देते हुए कहा कि समावेशी शिक्षा में एक अध्यापक अपने छात्रों को मानसिक शारीरिक मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है ताकि सभी छात्रों का पूर्ण विकास हो सके। जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी ने कहा कि एक सामान्य शिक्षक अपनी कक्षा में सभी प्रकार के बच्चों के लिए एक मार्गदर्शक बने, उसका उत्तरदायित्व न सिर्फ कक्षा के भीतर हो बल्कि बाहर भी अनंत तक हो, समावेशी शिक्षा इस बात को भी लागू करती कि सामान्य विद्यालयों में प्रत्येक बच्चे की आवश्यकता पूरी हो। एपीसी भुनेश्वर पटेल ने कहा कि इस शिक्षा व्यवस्था में बालकों का मानसिक विकास एवं आत्म सम्मान की भावना का विकास अच्छी तरह से होता है। इस शिक्षण व्यवस्था में असमर्थ बालकों में प्यार दयालुता समायोजन सहायता भाईचारा आदि ऐसे सामाजिक गुणों का विकास होता है। एपीसी आलोक स्वर्णकार ने कहा कि समावेशी शिक्षा मानसिक व शारीरिक रूप से बाधित बालक तथा सामान्य बालक दोनों साथ साथ सामान्य कक्षा में शिक्षा ग्रहण करते हैं। इससे अपंग बालकों को कुछ अधिक सहायता प्रदान की जाती है। इस प्रकार समावेशी शिक्षा अपने बालकों के पृथक्करण के विरोधी व्यावहारिक समाधान है। प्रशिक्षण के समापन पर आभार व्यक्त करते हुए बीआरसी रायगढ़ मनोज अग्रवाल ने कहा कि समावेशी शिक्षा समाज के हर स्तर पर एक स्वस्थ सामाजिक वातावरण और समाज में विकलांग और सामान्य बच्चों के बीच संबंध बनाने में सहायक है, यह समाज में एक दूसरे के बीच की दूरी को कम करता है और आपसे सहयोग की भावना प्रदान करता है।

समापन समारोह में हुआ सांकेतिक नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन- दस दिवसीय प्रशिक्षण के समापन समारोह में समावेशी शिक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं के विभिन्न समूहों द्वारा कीर्तन द्वारा स्वागत एवं सांकेतिक नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकमल पटेल द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में शिक्षक विकास पटेल, खगेश्वर साहू, सूरज प्रकाश कश्यप, रविन्द्र पटेल, सौरभ पटेल, प्रभुद्त पाणी, भूपेश पंडा, निशा गौतम, पल्लवी थ्वाइत, अंजना साहू, भृत्य पवन जोगी, अशोक सिदार आदि की विशेष सहभागिता रही।

जिले में अब तक कुल 628 क्विंटल धान जप्त किया गया

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में जिले में धान खरीदी कार्यों में गड़बड़ी के संबंध में जांच एवं कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। मंडी सचिव एवं उडऩदस्ता टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में सारंगढ़, बरमकेला और भटगांव मंडी समिति के अंतर्गत 29 नवंबर से 9 दिसंबर तक कुल 16 प्रकरण बनाए जा चुके हैं। जिनमें 1570 कट्टा कुल 628 क्विंटल धान जप्त किया गया है।

सारंगढ़ मंडी समिति अंतर्गत कुल 5 प्रकरण बनाए गए हैं जिसमें ग्राम लेंधरा छोटे कोसीर तहसील के केशव किराना एवं जनरल स्टोर्स पर कार्यवाही कर 52 कट्टा धान (40 किलो भरती), 20.80 क्विंटल कुल धान जप्त किया गया। उक्त दुकान खगेश्वर साहू/विभीषण साहू के नाम पर है। ग्राम छिन्द के राजेन्द्र साहू किराना दुकान पर कार्यवाही कर 17 कट्टा धान (40 किलो भरती), 6.80 क्विंटल धान एवं 41 कट्टा धान (50 किलो भरती) 20.50 क्विंटल जप्त किया गया। उक्त दुकान राजेन्द्र साहू/कुमार साहू के नाम पर है। ग्राम छिन्द के कान्हा ट्रेडर्स पर कार्यवाही कर 142 कट्टा धान (40 किलो भरती लगभग), 56.80 क्विंटल कुल धान जप्त किया गया। उक्त दुकान दीनदयाल केडिया/शंकर केडिय़ा के नाम पर है। ग्राम चांटीपाली अंतर्गत विशाल चौहान/रामकृष्ण चौहान से 60 कट्टा धान भरती, जिसमें कुल 24 क्विंटल धान जप्त किया गया। ग्राम गोड़ा अंतर्गत देवेंद्र जायसवाल/लक्ष्मण जयसवाल से 120 कट्टा धान भरती, कुल 48 क्विंटल धान जप्त किया गया। इस तरह सारंगढ़ क्षेत्र से कुल 391 कट्टा धान भरती, 156.40 क्विंटल धान जप्त किया गया।

बरमकेला मंडी समिति अंतर्गत कुल 5 प्रकरण बनाए गए हैं जिसमें गोबरसिंघा ग्राम के विशाल अग्रवाल/सजल अग्रवाल से 104 कट्टा धान, कुल 41.7 क्विंटल, ग्राम डूमरपाली के नीलांचल भोई/दुबदिल भूल से 52 कट्टा धान, कुल 20.80 क्विंटल धान, अकबरटोला ग्राम के गोविंद राम पटेल/भागी लाल पटेल से 50 कट्टा धान, 20 क्विंटल, सरिया के सभापति/गोवर्धन से 67 कट्टा धान, 26.80 क्विंटल धान, सरिया के अजय अग्रवाल/श्याम अग्रवाल से 59 कट्टा धान, 23.60 क्विंटल जप्त किया गया। इस तरह बरमकेला क्षेत्र से कुल 322 कट्टा धान, 132.80 क्विंटल धान जप्त किया गया।

भगवान भटगांव मंडी समिति अंतर्गत कुल 6 प्रकरण बनाए गए हैं, इन 6 प्रकरणों में गाड़ी और ट्रैक्टर में अवैध धान ले जाते हुए पाया गया, जिसे उडऩदस्ता की टीम ने जप्त कर कार्यवाही की। जिसमें कोसीर ग्राम के शुभम केसरिया/धरम सिंह से 75 कट्टा धान, कुल 30 क्विंटल, ग्राम मंदा के संजय सिदार/फिरन सिंह से 132 कट्टा धान, कुल 52.80 क्विंटल, ग्राम मालदा के अशोक लहरे/विजय लहरे से 260 कट्टा धान, कुल 104 क्विंटल, ग्राम चांटीपाली के मनीष साहू/चक्रधर चाहू से 120 कट्टा धान, कुल 48 क्विंटल, ग्राम मल्दा के अंजोर लहरे/अमृत लहरे से 130 कट्टा धान, कुल 52 क्विंटल, ग्राम पाठ के अंतराम यादव/जोगीराम यादव से 130 कट्टा धान कुल 52 क्विंटल जप्त किया गया। इस तरह भटगांव क्षेत्र से कुल 847 क_ा धान जिसमें कुल 338.8 क्विंटल धान जब्त किया गया। ज्ञातव्य है कि जिले में धान खरीदी कार्यों को लेकर प्रशासन लगातार मुस्तैद है, जांच एवं निगरानी के लिए बनाई गई उडऩदस्ता टीम लगातार गड़बड़ी एवं अव्यवस्था की जाँच कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

छत्तीसगढ़ में कोरोना वैक्सीन का प्रिकॉशन डोज लेने वालों की संख्या 75 लाख पार

❒ प्रदेश में अब तक कुल 5.03 करोड़ कोरोनारोधी टीके लगाए गए

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कोरोना वैक्सीन का प्रिकॉशन डोज लेने वालों की संख्या 75 लाख को पार कर गई है। प्रदेश में अब तक (13 दिसम्बर तक) 75 लाख दो हजार 191 लोगों ने कोरोना से बचाव के लिए प्रिकॉशन डोज ले लिया है। इनमें 18 वर्ष से 59 वर्ष आयु वर्ग के 57 लाख से अधिक तथा 18 लाख दो हजार 115 स्वास्थ्य कर्मी, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 वर्ष से अधिक के नागरिक शामिल हैं।

प्रदेश में कोरोना से बचाव के लिए अब तक कुल पांच करोड़ तीन लाख 22 हजार 782 टीके लगाए गए हैं। इनमें से दो करोड़ 24 लाख 66 हजार 766 टीके पहली खुराक के तौर पर, दो करोड़ तीन लाख 53 हजार 825 टीके दूसरी खुराक के रूप में और 75 लाख दो हजार 191 टीके प्रिकॉशन डोज के तौर पर लगाए गए हैं। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक के 94 प्रतिशत लोगों को कोरोनारोधी टीके की दोनों खुराक दी जा चुकी है।

बीमारी से तंग आकर दसवीं के छात्र ने दी जान, ब्रेन ट्यूमर से था ग्रसित

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा के ग्राम नवापारा में 10वीं कक्षा में पढऩे वाले छात्र ने बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। छात्र पिछले दो सालों से ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित था जिसका उपचार चल रहा था। था और उसका इलाज पिछले 2 सालों से बिलासपुर सिम्स में चल रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार नवापारा गांव में रहने वाला सुरेश पटेल पिता मान सिंह पटेल को 2 साल पहले ब्रेन ट्यूमर होने का पता चला। इसके बाद परिवार लगातार उसका इलाज करवा रहा था। इलाज के लिए खेत को भी गिरवी रखना पड़ा था। काफी खर्च करने के बाद भी सुरेश पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ। इधर बीमारी के कारण सुरेश अवसाद में चला गया। एक साल पहले उसका ऑपरेशन भी कराया गया था। रेडियोथेरेपी भी चली, लेकिन उसकी बीमारी नही गई। जिससे वो बहुत परेशान था। जिसके चलते बुधवार को सुरेश ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक दसवीं कक्षा का छात्र था। मामले में करतला थाना पुलिस ने मर्ग किया है।

कुम्हारी फ्लाईओवर हादसे में अपने परिजनों को खो चुकी अन्नू को पंद्रह लाख रुपए प्रदान करेगी कंपनी, प्रशासन ने कंपनी को दिए निर्देश

❒ कंपनी की लापरवाही से गई परिजनों की जान,

❒ कलेक्टर एवं एसपी ने रायल इंफ्रा I कंपनी से चर्चा कर बच्ची की जिम्मेदारी उठाने कहा

दुर्ग (आरएनएस)। कुम्हारी फ्लाईओवर हादसे में अपने परिजनों को खो चुकी अन्नू देवांगन की पढ़ाई लिखाई एवं अन्य जरूरतों के लिए फ्लाईओवर का निर्माण कर रही कंपनी रायल इंफ्रा पंद्रह लाख रुपए की राशि प्रदान करेगी। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं एसपी डा. अभिषेक पल्लव ने इस संबंध में कंपनी के प्रबंधन से चर्चा की और उन्हें बच्ची की परवरिश की जिम्मेदारी उठाने कहा। अधिकारियों ने प्रबंधन से कहा कि फ्लाईओवर के निर्माण की अनुबंध शर्तों में सुरक्षा संबंधी सभी बातों का पूरा ध्यान रखना शामिल था। कंपनी ने इस पर लापरवाही की जिससे यह गंभीर हादसा हुआ। इस हादसे में बच्ची ने अपने माता-पिता को खो दिया और अब उसके सामने परवरिश की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। इसके लिए उसके परवरिश का खर्च कंपनी उठाये। इस पर चर्चा के पश्चात प्रबंधन ने पंद्रह लाख रुपए की राशि प्रदान करने की बात कही।

कंपनी प्रबंधन गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा और एसपी डा. अभिषेक पल्लव की उपस्थिति में पंद्रह लाख रुपए की राशि का बिटिया का चेक परिजनों को प्रदान करेगा।

छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष साहू ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

❒ विभागीय योजनाओं में पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों की ली जानकारी

रायगढ़। छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) थानेश्वर साहू ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान सदस्य महेश चंद्रवंशी, साधुचरण यादव एवं सचिव बीरू कुमार साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

बैठक में अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं और पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों की जानकारी ली। उन्होंने एसडीएम रायगढ़ से ओबीसी वर्ग के जाति प्रमाण पत्र जारी करते समय आय गणना का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए ताकि अभ्यर्थी योजनाओं के लाभ से वंचित न हो। उन्होंने विभागवार संचालित योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वन विभाग द्वारा बताया गया कि हरियाली प्रसार योजनान्तर्गत 78, पौधा तुंहर द्वार योजनान्तर्गत 185, आवर्ती चराई क्षेत्र में क्रय किए गए गोबर में 72 तथा मनरेगा मद के तहत स्वीकृत कार्यों में ओबीसी के 587 लाभार्थी शामिल रहे। क्रेडा विभाग अंतर्गत 2021-22 में कुल 18 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि मछली बीज संवर्धन, बायो फ्लॉक, स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण जैसे विभिन्न विभागीय योजनान्तर्गत 387 लाभार्थियों में से 120 अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राही शामिल है। उद्यानिकी विभाग द्वारा बताया गया कि विभाग में राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं राज्य पोषित योजना संचालित की जा रही है जिसमें कुल 2923 लाभार्थियों में से 1101 पिछड़ा वर्ग के हितग्राही शामिल है। पशुपालन विभाग द्वारा बताया गया कि विभाग में विभागीय व्यक्तिमूलक योजना एवं राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत बैकयार्ड कुक्कुट इकाई वितरण, अनुदान पर नर बकरा प्रदाय, विशेष मादा वत्स पालन एवं राज्य डेयरी जैसे योजनाएं संचालित है। जिसमें से कुल 20 लाभान्वितों में से 7 अन्य पिछड़ा वर्ग के शामिल है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि पिछड़ा वर्ग के लिए संचालित योजनाओं छ.ग.असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत असंगठित कर्मकार प्रसूती सहायता योजना में 137, ठेका श्रमिक, हमाल एवं घरेलू महिला कामगार प्रसूती सहायता योजना में 78 तथा असंगठित कर्मकार मृत्यु दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के 5 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। साथ छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत मिनीमाता जतन योजना में 169 हितग्राही लाभान्वित हुए। छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष साहू ने श्रम विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र हितग्राही अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। इसी तरह अन्य विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों की जानकारी दी।

इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रदेश सरकार के चार साल पूरे होने पर 17 दिसम्बर को मनाया जाएगा गौरव दिवस

❒ कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने संबंधित अधिकारियों को जिले में कार्यक्रम का सुचारू रूप से आयोजन कराने के दिए निर्देश

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गौरव दिवस के दिन के आयोजनों की जानकारी समस्त सीईओ, सीएमओ, तहसीलदार के साथ साझा की एवं आयोजन के संबंध में तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के 04 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में 17 दिसंबर को शासन द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले में भी सभी गौठानों, धान खरीदी केंद्रों, हाट-बाजारों, तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्रों, वनोपज प्रबंधन समितियों के कार्यालय स्थलों, नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दी जाएंगी। सुबह 11 बजे किसानों, गौठान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों, पशुपालकों, भूमिहीन मजदूरों, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों के सदस्यों, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों सहित स्थानीय निवासियों को आमंत्रित किया जाएगा एवं शासन सुबह 11 बजे किसानों, गौठान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों, पशुपालकों, भूमिहीन मजदूरों, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों के सदस्यों, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों सहित स्थानीय निवासियों को आमंत्रित किया जाएगा एवं शासन द्वारा विगत 04 वर्षों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हासिल की गई उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही शासन की प्रमुख योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

दोपहर 3 बजे प्राथमिक सहकारी सोसायटी परिसर, धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों को आमंत्रित करके शासन की कृषि संबंधी प्रमुख योजनाओं जैसे कि ब्याज मुक्त ऋण योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना इत्यादि की जानकारी उन्हें दी जाएगी। प्रदेश के वन क्षेत्रों में इसी दिन सुबह 11 बजे तेंदुपत्ता संग्रहण केन्द्रों एवं वनोपज प्रबंधन समिति के कार्यालय स्थलों पर भी किसानों एवं मजदूरों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सभी जिलों में संचालित हाट बाजार स्थलों में भी लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दी जाएंगी। नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर सुबह 11 बजे से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वार्ड के निवासियों को आमंत्रित करते हुए शासन की 4 वर्षों की उपलब्धियों से उन्हें अवगत कराया जाएगा।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने उक्त कार्यक्रमों में प्रमुखता से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, सारंगढ़ सीईओ अभिषेक बनर्जी, जिला खाद्य अधिकारी चित्रकांत धुरव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास साहू उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरडे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य सथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU